an>

title: Need to improve rail services in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर के जनहित से जुड़ी अतिमहत्वपूर्ण मुख्य मांग रेल से संबंधित है जो निम्नलिखित है। विदित है कि यहाँ पर दर्जनों केन्द्रीय माइंस हैं, एस.सी.एल., यू.सी.आई.एल. और कॉपर यूरेनियम हैं। यहां दो हॉल्ट स्टेशनों की वर्षों से पुरानी माँग है। (1) घाटशिला घाटमूगढ़ के बीच चीरूडीह में (2) हल्दीपुर और वहल्दा (उड़ीसा) के बीच सिद्धिसाई में (यहाँ पर एक मात्र ट्रेन चलती है तथा ये सिंगल लाईन हैं) जुगलसाई आर.ओ.बी. एवं चाकुलिया आर.ओ.बी. को 5 वर्ष पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है। फिर भी रेलवे के द्वारा अभी तक किसी प्रकार के काम को शुरू नहीं किया गया है। साथ ही साथ दो नई आर.ओ.बी. गदड़ा और आसनबनी तथा घाटशिला (कुतलुड़ी) में स्वीकृत की जाय एवं घाटशिला स्टेशन परिसर पूरी तरह जर्जर है इसका नवीनीकरण किया जाय तथा घाटमूगढ़, गातुडीह, रखा, गोविन्दपुर स्टेशनों को ऊंचा एवं सौन्दर्यीकरण किया जाये। दो नई रेलवे लाइनों का विस्तार (1) चाकुलिया बहरागोड़ा होते हुए बान्द्रापोषी के बुडामारा तक (2) काण्ड्रा से नाकुम (राँची) तक इन दोनों रेलवे लाईनों का स्वीकृति के साथ-साथ पूरा एस्टीमेट बना हुआ है, इसके कार्य को जल्द शुरू किया जाये।

अतः मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि उपरोक्त सभी मांगों को पूरा करने की कृपा की जाये।